दिनांक: दिसंबर 19, 2024

भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यालयों में मुद्रा सत्यापन व प्रसंस्करण प्रणाली के डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण और स्थापना हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)

निविदा आईडी: RBI/DCM-Central Office Departments/Others/1/24-25/ET/674[RFP - CVPS Procurement]

भारतीय रिज़र्व बैंक अपने कार्यालयों के लिए मुद्रा सत्यापन व प्रसंस्करण प्रणाली खरीदने का प्रस्ताव रखता है।

उल्लिखित सी.वी.पी.एस. मशीनों और वारंटी के दौरान व इसके उपरांत उनके रखरखाव के साथ सभी सहवर्ती प्रशिक्षण/तकनीकी सहायता/आकस्मिक सेवाएं/सॉफ्टवेयर/सहायक उपकरण शामिल होंगे, जो मशीनों के संचालन के लिए प्रस्ताव के उद्देश्य को साध्य बनाने के लिए आवश्यक हैं, यह सभी आपूर्ति की परिभाषा में शामिल हैं। कार्य के दायरे में स्थापना के दौरान अनुकूलन के अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार भारतीय बैंक नोटों के सभी मूल्यवर्ग (वर्तमान और लायी गई नई शृंखला के बैंक नोटों) के प्रसंस्करण और अनुकूलन, प्रचलित या नई सुरक्षा सुविधाओं का पता लगाने के लिए सेंसर अनुकूलन भी शामिल होंगे। मशीनों के लिए निविदा बोली में उद्धृत मूल्य में संबंधित सेवाएं/सहायक उपकरण और वारंटी अवधि की समाप्ति के बाद पूर्व निर्धारित दर पर वार्षिक रखरखाव शुल्क में शामिल होंगे। इसमें आरबीआई कार्यालयों में नौ (9) पुराने सी.वी.पी.एस. मशीनों का बायबैक भी शामिल हैं।

परियोजना के लिए आरएफपी दस्तावेज़ एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट पर प्रस्तुत किया गया है। इस निविदा के संबंध में किसी भी किस्म के संशोधन/शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण को केवल बैंक की वेबसाइट/एमएसटीसी लिमिटेड की वेबसाइट पर अद्यतित जाएगा और इसे समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ताओं को किसी भी संशोधन/शुद्धिपत्र/स्पष्टीकरण/परिशिष्ट के लिए नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाइट/ई-पोर्टल देखना होगा और उसके सत्यापन के बाद निविदा प्रस्तुत करनी होगी। बैंक **किसी भी स्पष्टीकरण के बिना/बिना कारण बताए** किसी भी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

निविदाकर्ता द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया:

निविदाकर्ताओं को एमएसटीसी वेबसाइट (https://www.mstcecommerce.com/eprocn/) पर खुद को पंजीकृत करना होगा। विक्रेता पंजीकरण मैनुअल एमएसटीसी वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदाकर्ता के पास हस्ताक्षर और एन्क्रिप्शन अधिकारों के साथ वैध डिजिटल प्रमाणपत्र होना चाहिए। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस प्रक्रिया से पूर्व ही सुनिश्चित कर लें कि यह उनके पास उपलब्ध है। निविदा प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी सहायता के लिए, निविदाकर्ता सीधे एसएसटीसी ई-प्रोक्योरमेंट टीम से 02269856817/02269856800 पर संपर्क कर सकते हैं।

क. सफल पंजीकरण के उपरांत निविदाकर्ता आरएफपी दस्तावेज़ और इससे संबंधित अनुलग्नक का **संदर्भ ले/प्राप्त कर** सकते हैं।

ख. निविदाकर्ता तकनीकी और वाणिज्यिक निविदाएँ उल्लिखित एमएसटीसी पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। ध्यातव्य है कि निविदाकर्ता केवल अपने निविदा को देख और **संदर्भित/प्राप्त** कर सकेंगे।

ग. एमएसटीसी वेबसाइट पर निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय 14 फरवरी 2025 को 1500 बजे तक है।

प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक

मुद्रा प्रबंध विभाग